## महत्वपूर्ण एवं खास

## हार्वेस्टर मशीन के पहिये के नीचे आने से वृद्ध की मौत

रायगढ़। थाना खरसिया अन्तर्गत ग्राम भैनापारा में रहने वाला ठाकुर राम श्रीवास उम्र 60 वर्ष दिनांक 24.11.18 को अपने खेत के धान फसल को कटवाने के लिये हार्वेस्टर क्र. पीबी 11 बीएन 2955 के चालक के साथ सुबह 11ः00 बजे खेत गया था, साथ में उसका लड़का तरूण प्रसाद श्रीवास और बहु घसनिन बाई भी थी । हार्वेस्टर मशीन का चालक खेत के धान फसल को काट रहा था तथा ठाकुर राम श्रीवास हार्वेस्टर के पीछे के पैरा को हटा रहा था कि करीब 11.30 बजे हार्वेस्टर का चालक अचानक अपने हार्वेस्टर को लापरवाही पूर्वक पीछे करते हुये ठाकुर राम के पैर को हर्वेस्टर के चक्का में दबा दिया जिससे ठाकुर राम श्रीवास को अदरूनी चोटें आई और कुछ समय बाद खेत में ही ठाकुर राम श्रीवास फौत हो गया ।

# विवेक पाटले की टीम ने पकड़ी लाखों की कबाड़



रायगढ़। रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र में पुलिस ने पकड़ा लाखों का कबाड़, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती राज्य उड़ीसा से भारी मात्रा में कबाड़ यहां के उद्योगों में खपाने के लिए लाया जा रहा था जिसे तमनार पुलिस ने चेकिंग के दौरान जप्त किया, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिली कि पड़ोसी राज्य उड़ीसा से कई ट्रकों में भरकर कबाड़ लाया जा रहा है जिसे यहां के उद्योगों में खपाया जाता है जिसका किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं होता, मुखबिर की सुचना पर थाना प्रभारी द्वारा अपने दल बल के साथ उड़ीसा से आने वाले रास्ते पर कड़ी नाकेबंदी की और तमनार से लगे पाली घाट में उड़ीसा से आ रही ट्रकों को रोका और तलाशी ली जिसमें भारी मात्रा में कबाड़ पाया गया पूछने पर वाहन चालक के पास उक्त कबाड़ का कोई भी वैध दस्तावेज नहीं था जिसे जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है द्व आपको बता दें कि जब से विवेक पाटले ने तमनार थाने का चार्ज लिया है, तब से अवैध कारोबारियों के काले कारनामों पर लगाम सी लग गई है और उनमें में हड़कंप सी मची हुई है वहीं आमजन थानेदार के कार्यशैली की प्रशंसा कर रहे है।

## जानिए, दिसंबर व नए साल में शादी ब्याह के लिए कितने शुभ मुहूर्त

रायगढ़। कार्तिक शुक्ल एकादशी पर देव उठने के साथ मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। हालांकि गुरु तारा अस्त होने से इस साल केवल दो दिन ही विवाह के मुहूर्त रहेंगे। नए साल में कुल 107 दिन विवाह की शहनाइयां बजेंगी। जनवरी से मार्च तक भी शादी के लिए कई मुहूर्त हैं। पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि देव पंचांग अनुसार जनवरी में 17, 18, 22, 23, 25 और 29 जनवरी को विवाह के लिए मुहूर्त है। इसके बाद फरवरी में 9, 10, 21 फरवरी को ही शादियां हो पाएंगी। मार्च में 7, 8, 9 तारीख तक अभी विवाह का मुहूर्त है।



इसलिए नवंबर व दिसंबर में कम मुहूर्त-नवंबर व दिसंबर में मुहूर्त नहीं होने से गुरु तारे का 7 दिसंबर तक अस्त रहना है, जो विवाह का कारक ग्रह माना जाता है। दिसंबर में दो दिन विवाह मुहूर्त होने से शहर के अधिकांश भवन की बुकिंग नहीं हो पाई है। जो लोग बुकिंग कराने में रह गए हैं, उन्हें मन पंसद जगह नहीं मिल रही है। जनवरी में होने वाले विवाह समारोह के लिए भी अभी से लोगों ने बुकिंग कराना शुरू कर दिया है।

सात तक मुहूर्त नहीं- पंडितों के अनुसार नवंबर में केवल देवउठनी एकादशी पर अबूझ मुहूर्त में विवाह हुए। गुरु तारा अस्त होने से सात दिसंबर तक विवाह के मुहूर्त नहीं हैं। 16 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच सूर्य के धनु राशि में रहने पर खरगास रहेगा। विवाह नहीं होंगे। मकर संक्रांति के अगले दिन से मुहूर्त शुरू होंगे। फरवरी, मई, जुलाई में अबूझ मुहूर्त- नए वर्ष में 10 फरवरी को बसंत पंचमी, 7 मई को अक्षय तृतीय, 10 जुलाई को भड़ल्या नवमी पर विवाह में अबूझ मुहूर्त रहेगा।

## निःशुल्क ब्यूटी पार्लर और सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन



रायगढ़। जिला पुलिस रायगढ़ एवं दिव्य शक्ति महिला समूह के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए 6 से 10 नवम्बर तक निशुल्क आयोजित ब्यूटी पार्लर और सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

दिव्य शक्ति महिला समूह की प्रमुख कविता बेरिवाल ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 46 महिलाओं ने सिलाई तथा 29 महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं ने अपने सीखी हुई कला का प्रदर्शन भी किया। समापन कार्यक्रम में एसपी महोदय ने दिव्य शक्ति महिला समूह को प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद दिए और सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट और टूल किट वितरित किए। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या देखकर दिव्य शक्ति महिला समूह की प्रमुख को पुलिस परिवार के लोगों के लिए इस प्रकार के अन्य शिविर का आयोजन करने का आग्रह किए। ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने बच्चों और युवतियों का मेकअप, ड्रेसअप कर तैयार की थी, जिन्होंने प्रशिक्षण हॉल में रैंप की तरह वाक किए। इस दौरान प्रशिक्षु महिलाएं एवं उनके परिवार के लोग काफी प्रसन्न थे। समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षणाथियों का फोटोसेशन भी हुआ। करीब एक माह तक पुलिस लाईन उर्दना के प्रशासनिक भवन के प्रशिक्षण हाल में चले इस प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर आज शाम एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, रायगढ़ प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा, दिव्य शक्ति महिला समूह की श्रीमती कविता बेरिवाल, ट्रेनर रिजवाना बेगम एवं पुलिस परिवार की प्रशिक्षणरत महिलाएं, युवतियां एवं दिव्य शक्ति की सदस्यगण उपस्थित थे।

## कर्मचारियों को महीनों वेतन नही देने वाले होटल कारोबारी की थाने में शिकायत

रायगढ़। विवादों को लेकर हमेसा सुर्खियों में रहने वाले होटल व्यवसाई नरेंद्र जुनेजा सांई श्रद्धा होटल के विरुद्ध उसके कर्मचारियों ने महीनों वेतन न देने तथा वेतन मांगने पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की है। उनके बताए अनुसार होटल मालिक नरेंद्र उनके अलावा कई अन्य स्टाफ का वेतन भुगतान नही करता है, वो भी उनकी तरह जब भी वेतन के पैसे मांगते हैं तो उनके साथ गाली-गलौज कर या तो भगा देता है या उन्हें बदतमीजी करते हुए वेतन देने के नाम पर घुमाता रहता है।



आज शिकायतकर्ता कर्मचारियों के साथ होटल व्यवसाई के द्वारा अत्यधिक दुर्व्यवहार किये जाने के बाद परेशान पीड़ित कर्मचारियों के द्वारा होटल व्यवसाई के विरुद्ध सिटी कोतवाली थाने में और एस डी एम रायगढ़ सहित अन्य उच्चाधिकरियों को लिखित शिकायत दी गई हैं। पीड़ित कर्मचारियों ने बताया कि थाने में शिकायत करने के दौरान जुनेजा ने उन्हें कई बार फोन पर धमकी देता रहा,कि तुम लोग अपनी शिकायत वापस ले लो नही तो मुझसे बुरा कोई नही होगा। वही ध्यान देने योग्य बात यह है कि पीड़ित कर्मचारी इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी गए थे।

## नदी तट पर पचरी में गिरकर घायल हुए वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया

रायगढ़। 24 नवम्बर को 14.53 बजे सरिया राइनो को नाथल दाई मंदिर चंद्रपुर मंदिर के पास नदी किनारे पचरी पर एक वृद्ध व्यक्ति के गिरकर घायल हो जाने का इवेंट मिला। इवेंट (सूचना) मिलने पर ततसमय सरिया राइनो ईआरवी वाहन में उपस्थित आरक्षक रविलाल भाई व आरक्षक जकरियस तिर्की मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पचरी पर गिरकर घायल हुये वृद्ध महादेव सतनामी पिता ननकीराम सतनामी उम्र 85 वर्ष निवासी जुरेला थाना सारंगढ़ को ईआरवी वाहन में बिठाकर चंद्रपुर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाये ।

## बालिका लापता

रायगढ़। थाना खरसिया में 24 नवम्बर को 16 वर्षीय बालिका के लापता हो जाने की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराया है। बालिका के पिता ने बताया कि 21 नवम्बर को वह दोपहर 3 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई।

## सृष्टि का स्वामी भक्तों का दास है, यही महारास है पं.रघुनन्दन

### रासलीला और रुकमणि विवाह पर खूब झूमे श्रोता

रायगढ़। नगर के मधुबनपारा भानुप्रताप नगर में स्व.लक्ष्मी प्रसाद नामदेव के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर संगीत मयश्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवें दिवस आचार्य पं रघुनन्दन प्रसाद तिवारी द्वारा भगवान के गोपियों संग रासलीला व रुकमणि विवाह का मनोहारी लयबद्ध प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर कथास्थल पर उपस्थित सभी श्रद्धालु श्रोता भगवान की रासलीला मे खो गये।संगीतमय भागवतकथा पुराण का आयोजन 27 नवम्बर तक किया गया है। कथा का समय अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक है। कथा में व्यास जी की मधुर बांसुरी की धुन के साथ रामायण सिंह के तबला वादन का भी भरपूर श्रवनानंद श्रद्धालु भक्तगणों को मिल रहा है। वहीं विजय पांडे बंटी के द्वारा देवपूजन सम्पन्न किया जा रहा है।



रविवार की कथा में गोबर्धन पूजा, 56 भोग के साथ साथ कंस बध और रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन किया गया। कृष्ण भक्ति में लीन प्राणी को संसारिक संताप कष्ट नहीं पंहुचा सकते। कर्म और कर्मफल की महिमा बताते हुये पं. रघुनन्दन ने रुकमणी विवाह के प्रसंग में बताया कि किस प्रकार मन मे ही श्रीकृष्ण को वरण कर चुकी रुक्मिणी की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान स्वयं अपनी अर्धांगिनी का स्थान देते हैं। भगवान के मुरली की धुन पर बेसुध हुई गोकुल की गोपीयां और इस लीला को देखकर आनंदित हो रहे तीनो लोक के प्रसंग पर उपस्थित सभी श्रद्धालु भी मग्न होकर लीलापुरुषोत्तम की महिमा सुन झूमते लगे।गीत संगीत के बीच श्रीकृष्ण लीला के सुखद प्रसंग को भगवत आरती व मधुर प्रसाद वितरण के साथ विश्राम दिया गया।मुख्य यजमान मंजू नामदेव के अलावा आयोजन को सफल बनाने में सभी सदस्यों की उत्कृष्ट भूमिका रही।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090








स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931